दिनांक-20फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 06 और प्रेमनगर में एमआईसी के सदस्य ने किया पट्टा एवं राशन कार्ड का वितरण

भिलाईनगर/ निगम भिलाई द्वारा शिविर के माध्यम से पट्टा एवं राशन कार्ड वितरण विभिन्न वार्डों में किया जा रहा है जिसमें महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद स्वयं उपस्थित होकर वितरण कर रहे हैं। नवीन राशन कार्ड और 1984 के नवीनीकृत पट्टे का वितरण महापौर परिषद के सदस्य दिवाकर भारती ने वार्ड 17 वृन्दानगर, वार्ड 18 प्रेमनगर एवं सेक्टर 06 वार्ड 55 में सूर्यकान्त सिन्हा ने वितरण किया! सेक्टर-06 वार्ड 55, वृन्दानगर व प्रेमनगर में आयोजित शिविर में वार्ड के नागरिकों के जनसमूह के बीच महापौर परिषद के सदस्य सूर्यकान्त सिन्हा ने 350 नया एपीएल राशनकार्ड, वार्ड 17 वृन्दानगर में दिवाकर भारती ने 32 नवीनीकृत मूल पट्टा एवं दिवाकर भारती तथा वार्ड पार्षद मनोज यादव ने वार्ड 18 प्रेमनगर में 21 नवीन एपीएल राशनकार्ड का वितरण किए। नया राशनकार्ड बनने तथा 30 वर्षों की मियाद पूरी हो चुके मूल पट्टे को नवीनीकृत होकर मिलने से लोग प्रसन्न नजर आए। इस दौरान उपस्थित महापौर परिषद के सदस्य व पार्षदों ने नवीनीकृत पट्टा व राशनकार्ड के महत्व के बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी। गौरतलब है कि 1984 के तहत बनाए गए पट्टे की 30 वर्ष की अवधि समाप्त होने उपरांत पट्टे का नवीनीकरण कर हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है साथ ही एपीएल का नवीन राशन कार्ड बनाया गया जिसे हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से वितरण किया जा रहा है, अभी तक लगभग 2748 नवीनीकृत मूल पट्टा हितग्राहियों को वितरित किया जा चुका है।

जनसम्पर्क अधिकारी